# तरंग

## बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल का मासिक ई-न्यूज़लेटर

### माह अप्रैल 2024

## युवाओं को महापुरुषों से प्रेरणा लेना चाहिए" - डा मथुरा प्रसाद

1.3.2024 "विद्यार्थी जीवन, जीवन का स्वर्णिमकाल होता है, भारतीय ज्ञान परम्परा विश्व में अद्भुत है, युवाओं को महापुरुषों से प्रेरणा लेना चाहिए" उक्त विचार उच्च शिक्षा के अतिरिक्त संचालक डा मथुरा प्रसाद ने भेल कालेज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन "विहान 2024" के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए*

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में *"विहान 2024"* के अंतर्गत आयोजित मेहन्दी, रांगोली, पूजा थाली सज्जा, सलाद सज्जा, प्रांतीय व्यंजन एकल एवं सामूहिक गायन तथा नृत्य प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर उच्च शिक्षा अतिरिक्त संचालक डा मथुरा प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप मे अपने उद्धबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन, जीवन का स्वर्णिमकाल होता है, इसका हमे सदुपयोग कर जीवन को सार्थक करना चाहिए, भारतीय ज्ञान परम्परा विश्व में अद्भुत है, पाश्चात्य देश हमारे ही समृद्ध ज्ञान और संस्कृति को नये स्वरूप में हमें थोपते हैं, इससे हमें बचना चाहिए युवाओं को भारतीय महापुरुषों के चिंतन, कार्यों और जीवन चरित्र से प्रेरणा लेना चाहिए', आपने महात्मा गांधी, सुभाषचंद बोस, रवीन्द्रनाथ टैगोर, सरदार वल्लभ भाई पटेल सहित कई महापुरुषों के जीवन से सीख लेने वाले पहलुओं को साझा किया. समारोह की अन्यक्षता करते हुए जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार ने सभी विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनकी उत्साह पूर्वक सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की. प्राचार्य

डा संजय जैन ने अपने वार्षिक प्रतिवेदन में स्मार्ट क्लास, एन एस एस, एनसीसी, क्रीड़ा, ई-लाइब्रेरी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, नेक मूल्यांकन, गुरूवे नमः, केरियर गाईडेंस, शैक्षणिक भ्रमण, क्लीन कैम्पस ग्रीन केम्पस, कालेज चलो अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान, जनभागीदारी समिति, राष्ट्रीय बेवीनर, वृद्धजनो का सम्मान सहित पूर्व मुख्यमंत्री स्व बाबूलाल जी गौर की प्रतिमा का महाविद्यालय परिसर में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किये अनावरण का उल्लेख किया. कार्यक्रम संचालन डा अनुपमा यादव ने किया. समारोह का प्रारंभ, मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया फिर मुख्य अतिथि डा. मथुरा प्रसाद का छात्रसंघ प्रभारी डा अंजना अग्रवाल तथा अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार का प्राचार्य द्वारा पौधा गमला से स्वागत किया गया. इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी तथा स्टाफ और विद्यार्थियों के बीच अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया|

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन : *विहान 2024* की झलकियां

















# निर्वाचन आयोग का सर्वे

उच्च शिक्षा विभाग द्वार अयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेत्रत्व प्रशिक्षण शिविर 2024 03 मार्च 2024 से 09 मार्च 2024 ग्राम रलायति पनवाड़ी तहसील पचोर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश में बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल के स्वयंसेवक आयुष सक्सेना (दल नायक पुरुष इकाई) श्रेया दास (दल नायक महिला इकाई) मुस्कान हरसन (कैंपस एंबेसडर निर्वाचन आयोग) एवं सोहित मीना (कैंपस एंबेसडर निर्वाचन आयोग) ने प्राचार्य महोदय डा संजय जैन के मार्गदर्शन में चयनित होकर महाविद्यालय का नेत्रत्व किया एवं शिविर में 7 विश्व विद्यालय के बीच में अयोजित फेस पेंटिग प्रतियोगिता में स्वयं सेवक मुस्कान हरसन एवं आयुष सक्सेना ने सहभागिता करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का मान बढ़ाया| इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा संजय जैन, डा समता जैन (पुरूष इकाई कार्यक्रम अधिकारी), डा गीता चौहान (महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी) और महाविद्यालय के प्राध्यापक ने स्वयंसेवकों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिए|





5.3.2024

# होटल प्रबंधन संस्थान (IHM) शाहपुरा भोपाल में भ्रमण

जापानी भोजन मिसो, टेम्पूरा और सुशी सहित होटल प्रबंधन के गुर सीखे भेल कालेज के विद्यार्थियों ने बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल और होटल प्रबंधन संस्थान के मध्य हुए एम ओ यू के अंतर्गत, महाविद्यालय के ट्रेवल टूरिज्म और होटल मेनेजमेंट के विद्यार्थियों ने भोपाल के होटल प्रबंधन संस्थान (IHM) का विजिट किया. प्राचार्य डा संजय जैन ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों ने जापानी भोजन का सूप-मिसो, फ्राईड वेजिटेबिल- टेम्पूरा और राईस फिश-सुशी सहित होटल प्रबंधन की बारीकियां सीखीं, एगलेस केक सहित बेकरी आईटम तथा सामान्य खाद्य पदार्थों के निर्माण और उनके रख-रखाव मे अपनाई जाने वाली सावधानियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा समझा. IHM के प्राचार्य डा रोहित सरीन तथा डा कुमार सत्यम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने होटल इंडस्ट्री में भविष्य की सम्भावनाओं एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा होटल उद्योग के प्रमुख विभाग-फ्रंट आफिस, किचिन, लैब्स, हाऊसकीपिंग एवं फूड एंड बेबरेज मे किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की कालेज की प्रो. चित्रा खरे और प्रो अनुपमा गीते के निर्देशन में आयोजित इस एकेडमिक इवेंट में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की उल्लेखनीय है कि बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय परिक्षेत्र मात्र एक शासकीय महाविद्यालय, भेल में विगत बीस वर्षो से पीजी डिप्लोमा टूरिज्म एंड होटल मेनेजमेंट का पाठ्यक्रम संचालित है, इसमे अध्ययन कर चुके छात्र छात्राओं ने दुनिया के अन्य देशो में भी अपना कैरियर बनाने में सफलता पायी है.








6.3.2024

# वार्षिक खेल उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन

विद्यर्थियों को सिर्फ जीतने के लिए नहीं वरन अपना केरियर बनाने की भावना से खेलों में सहभागिता करना चाहिए. विद्यार्थी खेलों में उत्साह पूर्वक भाग ले कर महाविद्यालय का नाम रोशन करें उक्त विचार बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में वार्षिक खेल उत्सव के पुरस्कार वितरित करते हुए मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि ने व्यक्त किए।

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल द्वारा वार्षिक खेल उत्सव 2024 के अंतर्गत नीबू रेस, कुर्सी दौड सहित टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, कबड्डी, वालीबाल, शटल रन आदि प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि, जनभागीदारी अध्यक्ष

माननीय श्री बारेलाल अहिरवार ने कहा कि विद्यार्थियों को खेलों में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर महाविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए. विशेष अतिथि पर्यटन विशेषज्ञ प्रो ललित गौड़ ने कहा कि विद्यर्थियों को सिर्फ जीतने के लिए ही नहीं वरन अपना केरियर बनाने की भावना से खेलों में सहभागिता करना चाहिए. उत्कृष्ट खिलाड़ियों को साहसिक पर्यटन, सशस्त्र सेना, रेलवे, बैंकिंग, बीमा, पुलिस आदि क्षेत्रों में केरियर बनाने के भरपूर अवसर रहते हैं. प्राचार्य डा संजय जैन ने इस सत्र में क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं. समारोह का संचालन डा. इलारानी श्रीवास्तव ने तथा आभार क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी ने व्यक्त किया।








6.3.2024

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस








9.3.2024 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

# सम्मान समारोह








12.03.2024 राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेत्रत्व प्रशिक्षण शिविर 2024 में चयनित स्वयंसेवकों का सम्मान समारोह

# हिंदी भाषा : लेखन दक्षता मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम

18.3.2024 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानो के अंतर्गत संचालित मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम- 'हिंदी भाषा:लेखन दक्षता' में अतिथि वक्ता के रूप में भेल से सेवानिवृत्त अपर महाप्रबंधक श्री विनोद कुमार जैन उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए, भाषा कौशल कार्यक्रम में प्रवेश लेने पर अनेक शुभकामनाएं दीं तथा व्याकरण के गंभीर बिंदुओं पर सरल शैली में चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अभियंता श्री वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों द्वारा भाषा में दक्षता प्राप्त करने की इच्छा की सराहना की। इस कार्यक्रम के आत्मीय अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार श्री घनश्याम मैथिल 'अमृत' जी ने कहा कि हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित 30 घंटों का यह प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम अपने विषय की प्रासंगिकता के कारण महत्त्वपूर्ण हो गया है। कार्यक्रम में श्री विनोद कुमार जैन जी द्वारा रचित एवं संकलित 'प्रेरक सहायक पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सुषमा जादौन तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे। करवट कला परिषद की ओर से, सभी प्रतिभागियों को इस पुस्तिका का वितरण भी किया गया। इस मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम का समापन 28 मार्च 2024 को होगा। कार्यक्रम की समन्वयक एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.जादौन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।









# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा, ग्राम भोजपुर में इकाई स्तर सात दिवसीय विशेष शिविर

18.3.2024 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा, ग्राम भोजपुर में इकाई स्तर सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन के शुभारंभ के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के द्वारा डॉ समता जैन बालक कार्यक्रम अधिकारी और डॉ गीता चौहान बालिका कार्यक्रम अधिकारी को एवं रा. से. यो. के समस्त स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर शिविर स्थल, भोजपुर के लिए रवाना किया। शिविर स्थल पहुंचकर स्वयंसेवकों ने स्थल की साफ-सफाई की और दलनायको और स्टेट कैम्पर २०२४ श्रेया दास (स्टेट कैम्पर २०२४) बालिका इकाई दलनायक एवं अयुष सक्सैना (स्टेट कैम्पर २०२४) बालक ईकाई दलनायक, कैंपस एम्बेसडर सोहित मिना (स्टेट कैम्पर २०२४) , मुसकान हर्षन (नेशनल कैम्पर २०२३, स्टेट कैम्पर २०२४) एवं स्वयंसेवकों द्वारा रोल कॉल बनाया गया।

उपस्थित वरिष्ठ स्वयंसेवक:- अभिषेक जाट, कौर मेंबर:- हर्षित उम्रे, शांतनु तिवारी, कनक राज्वैद्या, वर्षा मालवीय, दीपा उपाध्य, मोहित चंदेले, श्रिया विश्वकर्मा, हर्षित चौरसिया, अमन सेन इत्यादि।

19.3.2024 ग्राम भोजपुर में इकाई स्तर सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन पर सर्वप्रथम सुबह स्वयं सेवको ने एनएसएस गीत एवं भजनो के साथ ग्राम भोजपुर में प्रभातफेरी की, उसके पश्चात दलनायक श्रेया दास (राज्य कैंपर 2024) और आयुष सक्सेना (स्टेट कैंपर 2024) एवं कैंपस एम्बेसडर सोहित मीना (स्टेट कैंपर 2024) और मुस्कान हरसन (राष्ट्रीय कैम्पर 2030 और राज्य कैम्पर 2024) द्वारा स्वयं सेवकों को उनका कार्य सौंप गया, उसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन (पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी) एवं डॉ. गीता चौहान (महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी) द्वारा दलनायक श्रेया दास एवं आयुष सक्सेना को राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वज एवं बैनर सौंप कर औपचारिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। परियोजना कार्य हेतु समूह नायक के नेतृत्व मै स्वयंसेवकों ने भोजपुर शिव मंदिर एवं मन्दिर परिसर की साफ सफाई की। बौधिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुर चौकी प्रभारी सतीश बघेल जी, जनपद सदस्य पवन गिरी जी, महंत जी, सुरेंद्र गिरी जी, भोजपुर जिला अध्यक्ष विमल जैन जी, बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल से वनस्पति विज्ञान विभाग से प्रोफेसर शीला कुमार एवं वाणिज्य विभाग से प्रोफेसर चित्रा खरे उपस्थित रहे, जिसमे अतिथियों ने हमें बताया कि कैसे रा.से.यो हमारे समाज सेवा द्वार विधार्थियो का व्यक्तित्व विकास करता है, साथ है कार्यक्रम के अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक अभिषेक जाट द्वारा निभाया गया। उसके पश्चात शाम के समय स्वयंसेवकों ने साथ मिलकर राष्ट्रीय सेवा योजना के खेल कितने बोल कितने, रुमाल झपट्टा खेला। अंतिम रूप में संस्कृति कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भेल कॉलेज, वाणिज्य विभाग से डॉ. अविनाश मिश्रा को आमंत्रित किया, आदरणीय ने सभी स्वयंसेवकों को मार्गदर्शित किया और संस्कृति कार्यक्रम का आनन्द उठाया।

20.3.2024 ग्राम भोजपुर में इकाई स्तर सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर सर्वप्रथम सुबह स्वयं सेवको ने एनएसएस गीत एवं भजनो के साथ ग्राम भोजपुर में प्रभातफेरी की, उसके पश्चात दलनायक श्रेया दास और आयुष सक्सेना एवं कैंपस एम्बेसडर द्वारा स्वयं सेवकों को उनका कार्य सौंप गया, इसके पश्चात डॉ समता जैन (पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी) और डॉ गीता चौहान (महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी) के नेतृव मै परियोजना कार्य के दौरान मन्दिर परिसर में उपस्थित लोंगो एवं दुकान वालों से भी साक्षत्कार किया गया जिसमें उनसे पानी कैसे बचाया जा सकता है अथवा पानी के उपयोग पर प्रश्न पूछे गए| रास्ते में जागरूकता के लिए मार्ग में सब से पहले रा. से.यो. के नारे लगाए गए| साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए जल संरक्षण के बारे मै बताया।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कि सलाहकार समिति के सदस्य -डॉ अंजना अग्रवाल, डॉ सीमा श्रीवास्तव, श्रीमती प्रीति जौहरी की भी उपस्थिति रही बौधिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में गैर सरकारी संगठन- श्री जी अनुषा संस्था के निदेशक श्री अखिलेश तिवारी जी और श्री दिव्यराज गुर्जर जी उपस्थित रहे, जिसमे अतिथियों ने हमें बताया कि रा.से.यो के स्वयं सेवको में बहुत अनुशासन और प्रतिभा है , साथ है कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपा उपाध्याय द्वारा निभाया गया। संध्या काल में संस्कृति कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भेल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय जैन श्री रमाकांत तिवारी साथ ही उपस्थित श्री संजय जैन, श्री मुकेश जैन जी को आमंत्रित किया, आदरणीय प्राचार्य महोदय ने सभी स्वयंसेवकों को रा.से.यो. के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की- व्यक्तित्व विकास की सर्वांगीण विधियों के बारे मे एनएसएस बहुत मददगार है , जीवन शैली को उत्तम बनाने के लिए भी कुछ विधार्थी जीवन के उदहारण के माध्यम से मार्गदर्शित किया कि सात दिवसीय कैंप मै अगर आपको एक दिन की एक भी अच्छी आदत सीख के जाएँगे और आजीवन अपने जीवन में अपनाएंगे तो यही आपकी कैम्प की सफलता है और रमाकान्त तिवारी जी द्वारा भी बच्चों को संबोधित किया और उनके उज्ज्वल जीवन के लिए- राष्ट्रीय का हिस्सा बनना ज़रूरी है यह बताया संस्कृति कार्यक्रम मैं गौरव जादव ने श्री राम धारी सिंग दिनकर की कविता की प्रस्तुति दी और एक नृत्य भी बालक को बालिकाओं ने प्रस्तुत किया।

23.3.2024 ग्राम भोजपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छटवे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भेल महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार जी, प्राचार्य डा संजय जैन एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय मुक्त इकाई कार्यकम अधिकारी श्री राहुल सिंह परिहार ने उपस्थित हो कर सभी को सफल भविष्य की शुभकमनाएं दी तथा श्री बारेलाल अहिरवार जी ने सभी स्वयंसेवकों को परियोजना कार्य में ग्राम सेवा व जनसम्पर्क करना सामाजिक जुड़ाव का महत्व बताया श्री राहुल सिंह परिहार ने सभी को रा. से. यो का दीर्घाविवरण दिया जिसमें उनको एनआईसी, राज्य शिविर और विभिन्न रा.से.यो की गतिविधियों का वर्णन किया साथ ही रा.से.यो के लक्ष्य गीत और रा. से. यो की प्रमुख विभिन्न बिन्दुओं का भी वर्णन किया प्राचार्य ने सभी छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया साथ ही उनको भी इस शिविर में जो भी सिखाया गया उसका उपयोग अपने जीवन में उतारने का मार्गदर्शन दिया. सांस्कृतिक कार्यक्रम के सत्र में प्रथम प्रस्तुति स्वयं सेविका खुशी भोर से द्वार श्री राम प्रति आदर्श भजन प्रस्तुति की गई द्वितीय प्रस्तुति के रूप में प्रतिमा सेन और राहुल रजक ने छत्तीसगढ़ के नृत्य की प्रस्तुति दी, स्वयंसेविका काजल साहू द्वारा देशभक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई और गौरव जाधव द्वारा एक जोशपूर्ण कविता का पाठ किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष का दायित्व वरिष्ठ स्वयंसेवक अभिषेक जाट द्वारा निभाया गया गई।















# लोक- संस्कृति के विविध आयाम विषय पर धरोहर संस्था की संगोष्ठी एवं कार्यशाला

18.3.2024 लोक- संस्कृति के विविध आयाम विषय पर धरोहर संस्था की संगोष्ठी एवं कार्यशाला आस्थाएं, मान्यताएं, परम्पराएं, पर्व-त्यौहार ही हमारी सांस्कृतिक पहचान छात्र-छात्राओं ने नर्मदा परिक्रमा पर बनायी पेंटिग संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से धरोहर संस्था द्वारा लोकसंस्कृति के विविध आयाम संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ कलाकार श्रीमती दीपा श्रीवास्तव, डॉ संजय जैन प्राचार्य बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महावद्यिालय, श्रीमती पूजा सक्सेना सचिव धरोहर के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। श्रीमती दीपा श्रीवास्तव द्वारा अपने बीज वक्तव्य लोकसंस्कृति के विविध आयामों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि हमारी दैनिक जीवनचर्या में हम जिन नैतिक मूल्यों का पालन करते हैं वे ही लोक की संस्कृति सुनिश्चित करते हैं। हमारी आस्थाएं, मान्यताएं, परम्पराएं, पर्व-त्यौहार हमारी संस्कृति को पुष्ट करते हैं। मुख्य वक्ता पूजा सक्सेना ने नर्मदा परिक्रमा के महात्म्य पर पर प्रकाश डाला। डॉ संजय जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों को बचाने का एक ही तरीका है कि हम अपनी संस्कृति के अच्छे मूल्यों का निर्वहन करते रहें और समय के साथ आ गयी कुप्रथाओं को छोड़ते चलें। संगोष्ठी में डॉ. गीता चौहान सहायक प्राध्यापक भेल कॉलेज, डॉ मेघा सिंह, डॉ अनुराधा सिंह, डॉ रेनू श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक श्री सत्य साईं महाविद्यालय, सुश्री प्रियंका तिवारी रिसर्च स्कॉलर, श्री देवांशु द्विवेदी आदि ने शोधपत्रों को वाचन किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में श्री प्रदीप पटेल ने नर्मदा परिक्रमा थीम पर वर्ली आर्ट के माध्यम से दीवार पर पेंटिंग बना कर प्रतिभागियों को डिमॉस्ट्रेशन दिया। वर्कशॉप में भेल महाविद्यालय तथा श्री सत्य साई महाविद्यालयों के पेंटिंग कला में रूचि अनेक वाले अनेक शोधार्थियों विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने पेंटिंग बनाकर लोकसंस्कृति के विविध आयामों को चित्रित किया। इस अवसर पर डॉ अर्चना शर्मा विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र एवं श्रीमती नीलिमा गुर्जर धरोहर संस्था विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम में सृजन श्री सत्य साई महाविद्यालय पूर्व छात्रा संघ ने भी सहभागिता की।

20.3.2024 महाविद्यालय और "धरोहर" संस्था के मध्य एम ओ यू के अंतर्गत संस्कृति संचालनालय म.प्र.शासन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला से महाविद्यालय की दीवारों पर भारतीय संस्कृति की छलक देखने को मिलने लगी है धरोहर संस्था सचिव डा पूजा सक्सेना के सौजन्य और प्रयासों आयोजित इस कार्यशाला के समापन अवसर तक महाविद्यालय के प्रवेश के द्वार की भीति पर भारतीय संस्कृति के एक आयाम नर्मदा परिक्रमा का वर्ली आर्ट द्वारा सुन्दर प्रस्तुतीकरण किया गया, इस कार्य शाला में सहभागिता कर उत्साहित छात्राएं- संगीता सरकार,पिंकी मीना, आदिति शीलू, चांदनी प्रजापति, प्राची विश्वकर्मा, पलक ठाकुर, तरन्नुम, विशाखा पाल, हरप्रीत कौर, कीर्ती राय एवं इनके साथियों ने पूरे महाविद्यालय परिसर की दीवारों पर भारतीय संस्कृति के विविध आयामों को वर्ली आर्ट द्वारा उकेरने का रचनात्मक निर्णय लिया है. सहभागिता प्रमाणपत्र वितरत करते हुए प्राचार्य डा संजय जैन ने जनभागीदारी के सहयोग से इस सृजनात्मक कार्य को कराने का आश्वासन दिया. समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डा अर्चना शर्मा ने छात्र छात्राओं के इस प्रयास को रोजगारोन्मुखी भी माना तथा धरोहर संस्था की डा पूजा सक्सेना का आभार व्यक्त किया।








18.3.2024

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा

## "स्वास्थ्य : जनस्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य "थीम पर ग्राम भोजपुर मे आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

23.3.2024 सुबह जल्दी उठना, अपना भोजन स्वयं बनाना, अपने कपड़े स्वयं धोना, अपने परिसर को स्वच्छ रखकर जनस्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए जागरूकता पैदा करने सम्बंधी अनुभव बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "स्वास्थ्य : जनस्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य "थीम पर ग्राम भोजपुर मे आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर छात्र छात्राओं ने व्यक्त किए.

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भोजपुर में "स्वास्थ्य :जनस्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य " थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया .इसके समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीबारेलाल अहिरवार ने शिविर गतिविधियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास रासेयो में ही संभव है जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने एवं केरियर बनाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों में इस शिविर के अनुभव हमेशा उपयोगी रहेगे. प्रशासनिक पदों का उत्तरदायित्व निभाते समय एसे शिविर में किए गये कार्यों से सीख मिलती है. विशेष अतिथि के रुप में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय मुक्त इकाई के कार्यक्रम अधिकारी और टी ओ सी प्रशिक्षक श्री राहुल सिंह परिहार ने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय शिविरों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया. आपने शिविर संचालन की बारीकियों को समझाते हुए विभिन्न समीतियों के उत्तरदायित्व बतलाए, आत्मअनुशासन का प्रयोग और महत्व समझाया. प्राचार्य डा. संजय जैन ने शिविरार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी द्वय डा समता जैन और डा गीता चौहान के कुशल निर्देशन की सराहना की. इस अवसर पर शिविरार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सुबह जल्दी उठना, जीवन में पहली बार रोटी सब्जी बनाना, बर्तन साफ

करना अपने कपड़े स्वयं धोना, अपने परिसर को स्वच्छ रखना इस शिविर मे आकर सीखा शिविरार्थियों ने भोजपुर के रहवासियों और पर्यटकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया. प्रतिदिन प्रभातफेरी के बाद योग, व्यायाम, परियोजना कार्य, बौद्धिक सत्र, ग्राम सम्पर्क, समितियों की बैठक, सांस्कृतिक कार्यक्रम शिविर की दिनचर्या रही शिविर अवधि में कार्यक्रम अधिकारी डा. समता जैन और डा गीता चौहान के मार्गदर्शन में भोजपुर के ऐतिहासिक शिवमंदिर परिसर की साफ सफाई तथा पर्यटकों एवं दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर उनके आचरण में परिवर्तन लाने का प्रयास और श्री विद्यासागर गौशाला में 350 से अधिक गायों के संरक्षण की कार्यप्रणाली जानकर शिविरार्थियों को सर्वाधिक रोमांच हुआ. सर्वेक्षण में पाया कि ग्राम भोजपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं का बहुत अभाव हैं जो यहां के रहवासियों और पर्यटकों की परेशानी का कारण बनता है,इस क्षेत्र मे स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास की अत्यंत आवश्यकता हैं

इस शिविर को बालिका दलनायक और स्टेट कैम्पर श्रेया दास बालक दल दलनायक और स्टेट कैम्पर आयुष सक्सैना कैंपस एम्बेसडर सोहित मीना नेशनल और स्टेट केम्पर मुसकान हर्षन अभिषेक जाट, हर्षित उम्रे, शांतनु तिवारी, कनक राजवैद्य वर्षा मालवीय, दीपा उपाध्याय, मोहित चंदेले, श्रिया विश्वकर्मा, हर्षित चौरसिया, अमन सेन, खुशी भोर, प्रतिमा सेन, राहुल रजक, काजल साहू, गौरव जाधव सहित सभी स्वयं सेवकों ने सक्रिय भागीदारी से सफल बनाया।






## स्वरचित साहित्य मंच के अन्तर्गत आयोजित कवि-गोष्ठी एवं मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम का समापन कार्यक्रम

28.3.2024 स्वरचित साहित्य मंच के अन्तर्गत आयोजित कवि-गोष्ठी एवं मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम का समापन कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। प्राचार्य डॉ. संजय जैन एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए।विद्यार्थियों में से श्रिया विश्वकर्मा, मनन दीक्षित, रुक्मणि रैकवार, पूजा यादव और खुशी द्विवेदी ने स्वरचित कविता का पाठ किया। आमंत्रित कवियों में श्री मनीष बादल जी ने दोहे और ग़ज़ल के शेर सस्वर प्रस्तुत किए। कवयित्री डॉ. प्रार्थना पंडित जी के गीतों की प्रस्तुति से मंचीय कविता का आस्वादन हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. विकास दवे ने महाविद्यालय के इन रचनाकारों की

प्रशंसा की। कार्यक्रम मे वरिष्ठ साहित्यकार श्री विनोद कुमार जैन जी द्वारा प्रेरक सहायक पुस्तिका विद्यार्थियों को दी गयी।मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध साहित्यकार श्री घनश्याम मैथिल 'अमृत' जी ने किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा जादौन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।









